an>

Title: Need to revive closed sugarmill in Basti district, Uttar Pradesh.

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी (बस्ती) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आज बस्ती जनपद, उत्तर प्रदेश के बारे में अपनी बात कहने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह बहुत पिछड़ा जिला है। बस्ती जनपद में अधिकतर किसान गन्ने की खेती पर निर्भर हैं। 1927 में नारंग शुगर मिल खुली थी जिसे 2005 में बजाज ग्रुप ने खरीद लिया था और सात-आठ सत्र चलाने के बाद बंद कर दिया। बस्ती के लाखों किसान शुगर मिल में गन्ना बेचते थे जिससे उनकी रोजी रोटी चलती थी। इससे उनको रोजगार मिलता था लेकिन अब वे घर बैठे हुए हैं। यहां साल भर से आंदोलन चल रहा है। मैंने स्वयं इस आंदोलन में भाग लिया है लेकिन यह शुगर मिल नहीं चल पा रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि शुगर मिल शुरु करवाई जाए।